सीबीएसई/मीडिया एवं जन-संपर्क/परामर्श/2025 दिनांक: 02.04.2025

सेवा में,
**सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों/संस्थानों के**
**सभी प्रधानाचार्य/ विद्यालय प्रमुख**

**विषय: स्कूल प्रधानाचार्यों एवं काउंसलर्स के लिए सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (CUET) संबंधी अभिविन्यास कार्यक्रम।**

**महोदय/महोदया,**
राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 में विद्यार्थियों के समग्र कल्याण और करियर विकास को प्राथमिकता देते हुए उच्च शिक्षा में मार्गदर्शन एवं परामर्श के महत्व को रेखांकित किया गया है। यह नीति शिक्षा प्रणाली में करियर परामर्श सेवाओं को एकीकृत करने का समर्थन करती है, जिससे छात्र सुविज्ञ करियर निर्णय ले सकें और एक समग्र एवं बहुविषयी दृष्टिकोण के माध्यम से आवश्यक व्यावसायिक कौशल हासिल कर सकें।

एनईपी 2020 की सिफारिशों के अनुरूप, बोर्ड ने स्कूलों में करियर परामर्श व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा उच्च शिक्षा के अवसरों पर मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु विभिन्न पहल की हैं।

पिछले वर्षों में, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने भारत में प्रतिभागी विश्वविद्यालयों में स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया को मानकीकृत करने हेतु सामान्य विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (CUET) की शुरुआत की है। चूंकि सीयूईटी अब विश्वविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण अंग बन चुका है, अतः स्कूलों के प्रधानाचार्यों और परामर्शदाताओं को इसके बारे में जरुरी जानकारी एवं कौशल प्रदान करना अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे छात्र-छात्राओं का प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन कर सकें।

इसी उद्देश्य से बोर्ड द्वारा संबद्ध स्कूलों के प्रधानाचार्यों एवं परामर्शदाताओं के लिए एक **सीयूईटी अभिविन्यास कार्यक्रम** आयोजित किया जा रहा है। यह सत्र सीयूईटी की संरचना, प्रक्रिया और स्नातक प्रवेश में इसकी भूमिका की समग्र समझ प्रदान करेगा ताकि शिक्षक और परामर्शदाता छात्रों का बेहतर तरीके से मार्गदर्शन कर सकें।

## अभिविन्यास कार्यक्रम का विवरण:

- **तिथि एवं दिन:** 17 अप्रैल 2025 (गुरुवार)
- **समय:** प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 02:00 बजे तक
- **स्थान:** सभागार, सीबीएसई एकीकृत कार्यालय, सेक्टर-23, द्वारका, नई दिल्ली – 110075
  *(प्रतिभागियों से अनुरोध है कि वे कार्यक्रम-पूर्व औपचारिकताओं हेतु प्रातः 9:00 बजे तक पहुंच जाएं)*

## कार्यक्रम के उद्देश्य:

- छात्रों के बेहतर मार्गदर्शन हेतु प्रधानाचार्यों एवं परामर्शदाताओं को सीयूईटी की पात्रता, परीक्षा संरचना और विश्वविद्यालय दाखिला दिशा-निर्देशों से अवगत कराना।
- करियर लक्ष्यों के अनुरूप विषय चयन में छात्रों का मार्गदर्शन करने हेतु जानकारी देना।
- अध्ययन योजना एवं संसाधन सुझाव शामिल करते हुए प्रभावी तैयारी की रणनीतियों पर चर्चा करना।
- छात्रों की सीयूईटी से संबंधित शंकाओं एवं प्रश्नों के समाधान के लिए परामर्शदाताओं को प्रशिक्षित करना।
- परीक्षा से जुड़ी चिंता एवं तनाव प्रबंधन हेतु संवाद कौशल को सशक्त बनाना।

## अपेक्षित परिणाम/लाभ:

इस अभिविन्यास कार्यक्रम से प्रधानाचार्यों व परामर्शदाताओं को निम्नलिखित में सहायता मिलेगी:

- छात्रों को सीयूईटी से संबंधित सटीक एवं अद्यतन जानकारी प्रदान करना।
- छात्रों के करियर हितों के अनुसार विषय चयन में उन्हें उचित मार्गदर्शन देना
- सीयूईटी की तैयारी एवं तनाव प्रबंधन के लिए रणनीतिक सुझाव देना
- दाखिले के लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों की आवश्यकताओं को समझने में छात्रों की सहायता करना

## पंजीकरण प्रक्रिया:

इच्छुक प्रधानाचार्य व परामर्शदाता निम्नलिखित गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं:
https://docs.google.com/forms/d/1YS7UNhnelCuUv04w2bHQMV471YEp-iEnAkVbm3YTsvo/edit :

- **केवल 350 प्रतिभागी** 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर सहभागिता कर पाएंगे।
- चयनित प्रतिभागियों को ईमेल के माध्यम से पुष्टि की जाएगी।
- केवल पुष्टि प्राप्त प्रतिभागियों को कार्यक्रम में भाग लेने की अनुमति होगी।
- टीए/डीए प्रतिभागियों द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

अधिक जानकारी हेतु ईमेल cbse.counseling@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

*हस्ता/-*
*(हिमांशु गुप्ता)*
**सचिव**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित :**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
11. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल- लद्दाख
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएस ईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
14. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय का एकीकृत कार्यालय (सेना), एफडीआरसी भवन संख्या 202, शंकर विहार (एपीएस के समीप), दिल्ली कैंट-110010
16. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, नयापल्ली, डाकघर - सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला – खोर्दा, ओडिशा-751005
17. अध्यक्ष, सीबीएसई के उप सचिव
18. सभी निदेशक/ विभागाध्यक्ष, सीबीएसई
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/ क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे यह परिपत्र अपने अपने क्षेत्रों में बोर्ड से सम्बद्ध सभी विद्यालयों को भेजें
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
22. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई),सीबीएसई - इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

**सचिव**